अध्याय

# 9 रक्त सम्बन्ध

## Blood Relation

*जब किन्हीं दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच अपने पूर्वजों द्वारा सन्तानोत्पत्ति के आधार पर कोई-न-कोई सम्बन्ध (रिश्ता) होता है, तो इस प्रकार के सम्बन्ध को 'रक्त सम्बन्ध' कहा जाता है। इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में किन्हीं दो या दो से अधिक व्यक्तियों के सम्बन्ध दिए गए होते हैं। इन्हीं सम्बन्धों के आधार पर, प्रश्न में पूछे गए व्यक्ति का सम्बन्ध किसी अन्य व्यक्ति से ज्ञात करना होता है।*

*इस पर आधारित प्रश्नों को हल करते समय रिश्तों को चरणबद्ध तरीके से हल करते हुए चलें साथ ही आवश्यक संकेतों तथा आरेखों का प्रयोग करें। यदि परीक्षा भवन में प्रश्न अच्छी तरह समझ में न आ रहा हो, तो स्वयं के आधार पर सम्बन्धों की जाँच करें। कुछ प्रमुख रिश्तों की जानकारी निम्नलिखित हैं*

| वाक्य | सम्बन्ध | पीढ़ी चिह्न |
|---|---|---|
| मेरे पिता के पिता | दादा | ↑↑ |
| मेरे पिता की माँ | दादी | ↑↑ |
| मेरी माता के पिता | नाना | ↑↑ |
| मेरी माता की माँ | नानी | ↑↑ |
| मेरे पिता का भाई | चाचा/ताऊ | ↑ |

| वाक्य | सम्बन्ध | पीढ़ी चिह्न |
|---|---|---|
| मेरी माता का भाई | मामा | ↑ |
| मेरे पिता के भाई का पुत्र/पुत्री | चचेरा भाई/बहन | → |
| मेरी माता के भाई का पुत्र/पुत्री | ममेरा भाई/बहन | → |

| वाक्य | सम्बन्ध | पीढ़ी चिह्न |
|---|---|---|
| मेरे भाई का पुत्र/पुत्री | भतीजा/भतीजी | ↓ |
| मेरी बहन का पुत्र/पुत्री | भांजा/भांजी | ↓ |
| मेरे पुत्र का पुत्र/पुत्री | पोता/पोती | ↓↓ |
| मेरी पुत्री का पुत्र/पुत्री | नाती/नातिन | ↓↓ |

www.classnotes.in


### इन्हें स्मरण रखें!

- प्रश्न में सामान्यतः यह पूछा जाता है कि A, B से किस प्रकार सम्बन्धित है? या विजय, सुधा से किस प्रकार सम्बन्धित है? या विजय का सुधा से क्या सम्बन्ध है? इसका अर्थ यह होता है कि A, B का रिश्ते में क्या लगता है? या विजय, सुधा का रिश्ते में क्या लगता है? पिता या भाई या पति या चाचा या दादा।
- तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा जाए, तो यह सम्भव है कि तस्वीर स्वयं की भी हो, लेकिन किसी व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए कहा जाए, तो वह स्वयं नहीं हो सकता है।
- किसी सांकेतिक भाषा में 'A + B' का अर्थ है कि A, B का पिता है, तो ऐसी स्थिति में A पिता है और पुल्लिंग है यह निश्चित है, लेकिन B पुत्र है या पुत्री है यह निश्चित नहीं है।

*इसके अन्तर्गत निम्न बातों पर ध्यान दें*

(i) यदि किसी पद को निश्चित करना हो कि वह पुल्लिंग है या स्त्रीलिंग, तो उसे किसी अन्य पद द्वारा उपयुक्त कूट संकेत से अग्रसरित किया जा सकता है।

**जैसे** यह निर्धारित करना हो कि P, Q का पुत्र है, तो इसे इस प्रकार व्यक्त कर सकते हैं




(ii) अन्त से प्रारम्भ की ओर उपयुक्त कूट द्वारा सम्बन्धों को व्यवस्थित करना चाहिए।

(iii) पूछे गए सम्बन्धों के लिए मध्यस्था वाले सम्बन्ध को इस प्रकार से व्यवस्थित करना चाहिए, जिसका सांकेतिक रूप दिए गए प्रश्न में सम्मिलित हो।


- प्रश्न के तहत् दिए गए सम्बन्धों को अपने पारिवारिक सम्बन्धों के रूप में व्यक्त कर लें, तो प्रश्नों को हल करना सरल हो जाता है।
- प्रश्नों को हमेशा आरेखों के माध्यम से ही हल करें, क्योंकि इससे सम्बन्ध की प्रत्येक कड़ी चरणबद्ध तरीके से आपके सामने बिल्कुल स्पष्ट हो जाएगी और आसानी से अभीष्ट सम्बन्ध ज्ञात हो जाएगा।

# साधित उदाहरण

**1.** X, Y की माँ है, लेकिन Y, X का पुत्र नहीं है। आप बताएँ कि Y, X का कौन है?

(1) पुत्र (2) पुत्री (3) भाई
(4) बहन (5) माँ

**हल** *(2)*





आरेख से स्पष्ट है कि Y, X की पुत्री है।

**2.** एक पुरुष का परिचय देते हुए सुधा ने कहा, ''वह मेरी माँ के भाई का पुत्र है।'' आप बताएँ कि वह पुरुष सुधा का कौन है?

(1) चचेरा भाई (2) ममेरा भाई (3) फुफेरा भाई
(4) सहोदर भाई (5) मौसेरा भाई

**हल** *(2)*




आरेख से स्पष्ट है कि वह पुरुष सुधा का ममेरा भाई है।

# अभ्यास प्रश्न

www.classroomnotes.in

**1.** एक औरत का परिचय देते हुए एक पुरुष ने कहा कि, ''उसकी माँ के पति की बहन मेरी माँ है।'' आप बताएँ कि वह पुरुष उस औरत से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(1) चचेरा भाई (2) ममेरा भाई (3) फुफेरा भाई
(4) सहोदर भाई (5) मौसेरा भाई

**2.** शिवानी का परिचय देते हुए विजय ने कहा कि, ''उसके पिताजी मेरे पिताजी के इकलौते पुत्र हैं। आप बताएँ कि विजय, शिवानी से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(1) पिता (2) चाचा (3) मामा
(4) भाई (5) पति

**3.** अजय ने अपने पुत्र मोहन की तस्वीर की ओर इंगित करते हुए एक औरत से कहा कि, ''उसकी माँ तुम्हारी माँ की इकलौती पुत्री है।'' आप बताएँ कि उस औरत का अजय से क्या संबंध है?

(1) माँ (2) बहन (3) पत्नी
(4) पुत्री (5) पुत्रवधू

**4.** एक पुरुष की तस्वीर की ओर इंगित करते हुए एक औरत ने कहा कि, ''उसके भाई का पिता मेरे दादाजी का इकलौता पुत्र है।'' आप बताएँ कि उस तस्वीर वाले पुरुष से औरत का क्या संबंध है?

(1) माँ (2) बहन (3) पुत्री
(4) दादी (5) नानी

**5.** एक पुरुष ने एक औरत से कहा कि, ''तुम्हारे इकलौते भाई की बहन मेरी माँ है।'' आप बताएँ कि उस औरत का पुरुष की नानी से क्या संबंध है?

(1) बहन (2) माँ (3) पुत्री
(4) सास (5) देवरानी

**6.** X और Y भाई हैं, P और Q बहन हैं। X का पुत्र Q का भाई है। आप बताएँ कि Y का P से क्या संबंध है?

(1) भाई (2) चाचा (3) पिता
(4) दादा (5) साला

**7.** यदि A पुत्र है Q का, Q और Y बहन हैं, Y की माँ Z है, P बेटा है Z का, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य है?

(1) A का भाई P है (2) A का चाचा P है
(3) A का मामा P है (4) A का पिता P है
(5) A का पुत्र P है

**8.** A, B और C का भाई है। D, C की माँ है, E, A का पिता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य नहीं माना जा सकता है?

(1) E, B का पिता है (2) E, D का पिता है
(3) B, E का पुत्र है (4) A, D का पुत्र है
(5) E, C का पिता है

**निर्देश** (प्र.सं. 9 और 10) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों का उत्तर निम्न कथनों के आधार पर दीजिए।*

(i) M भाई है N का (ii) K बहन है M की
(iii) P भाई है O का (iv) O बेटी है N की।

**9.** P का चाचा कौन है?

(1) M (2) N (3) O
(4) K (5) इनमें से कोई नहीं

**10.** P का चाचा कौन है, का उत्तर प्राप्त करने हेतु दिये गये चारों कथनों में से कौन-सा कथन अनावश्यक है?

(1) (i) (2) (ii) (3) (iii)
(4) (iv) (5) सभी

**निर्देश** (प्र.सं. 11 और 12) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न निम्न जानकारियों पर आधारित हैं।*

(i) B, D की माँ है (ii) D, B की पुत्री नहीं है
(iii) A, M का पुत्र है (iv) A, G का भाई है
(v) G, D की बहन है।

**11.** M तथा G के बीच क्या सम्बन्ध है?

(1) पिता-पुत्री (2) माता-पुत्री (3) भाई-बहन
(4) दादा-पौत्री (5) ससुर-पुत्रवधू

**12.** B, D और A के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(1) D, B तथा A से बड़ा है
(2) B, D तथा A से बड़ी है
(3) A, B तथा D से बड़ा है
(4) उपरोक्त सभी सत्य हैं
(5) उपरोक्त में से कोई नहीं

**13.** A, B, C, D, E, F और G एक परिवार के सदस्य हैं, जिनमें चार वयस्क और तीन बच्चे हैं; इनमें से दो F और G लड़कियाँ हैं, A और D भाई हैं एवं A एक डॉक्टर है, E एक इंजीनियर है, जो भाइयों में से एक से विवाहित है और जिसके दो बच्चे हैं। B, D से विवाहित है और G उनकी संतान है। C कौन है?
(1) A का पुत्र (2) E की पुत्री (3) F का पिता
(4) G का भाई (5) A का पिता

**निर्देश** (प्र.सं. 14 और 15) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न निम्न जानकारियों पर आधारित हैं*

(i) A + B का अर्थ है —A, B की पुत्री है।
(ii) A − B का अर्थ है —A, B की पत्नी है।
(iii) A × B का अर्थ है —A, B का पुत्र है।

**14.** यदि P × Q − S हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(1) S, P का पिता है (2) P, Q की पुत्री है
(3) Q, P का पिता है (4) S, Q की पत्नी है
(5) S, P का पुत्र है

**15.** यदि T − S × B − M हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(1) S, B की पुत्री है (2) S, B की बहन है
(3) B, S की माँ है (4) T, S की पत्नी है
(5) T, S का पति है

**16.** मेरे पिता की बहन के बेटे की बेटी से मेरा क्या सम्बन्ध है?
(1) फुफेरी बहन (2) भतीजी (3) बहन
(4) मामी (5) पुत्री

**17.** एक आदमी ने कहा, ''यह लड़की मेरी माँ के पोते की पत्नी है।' वह आदमी लड़की का कौन लगता है?
(1) पिता (2) पति (3) दादा
(4) ससुर (5) मामा

**18.** मंजु की ओर इंगित करते हुए गौरव ने कहा, ''वह मेरे पिता के पिता के इकलौते बेटे की पत्नी है।'' मंजू गौरव से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(1) माता (2) चाची (3) भाभी
(4) बहन (5) पुत्री

**19.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए एक पुरुष ने कहा, ''इसके इकलौते भाई का बेटा मेरी पत्नी का भाई है।'' वह महिला उस पुरुष से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(1) सास (2) ससुर की बहन
(3) मामी (4) माँ की बहन
(5) पिता की बहन

**20.** रिचा और रुपेश, सुमित की दो सन्तान हैं। रुपेश के पिता सुमित हैं, परन्तु रिचा, सुमित का बेटा नहीं है। रिचा, सुमित से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(1) बेटा (2) बेटी (3) बहन
(4) भतीजी (5) माँ

**21.** एक पुरुष की फोटो की ओर संकेत करते हुए एक महिला ने कहा, ''इसके भाई के पिता मेरे दादा का इकलौता बेटा है।'' वह महिला फोटो में पुरुष से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(1) माँ (2) चाची (3) बहन
(4) पुत्री (5) फुआ

**22.** अनुपम ने संजीव से कहा, ''वह लड़का जो क्रिकेट खेल रहा है, मेरे पिता की पत्नी की बेटी के दो भाइयों में छोटा है।'' जो लड़का किक्रेट खेल रहा था उसका अनुपम से क्या सम्बन्ध है?
(1) भाई (2) कजिन (3) साला
(4) भतीजा (5) पुत्र

**23.** यदि विजय, अजय का भाई है और दयाल, अजय का भाई है और विजय, कृष्ण का भाई है, तब निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन निश्चित रुप से सही है?
(1) विजय, दयाल का भाई है (2) कृष्ण, विजय का भाई है
(3) अजय, दयाल का भाई है (4) अजय, कृष्ण का भाई है
(5) विजय, दयाल का पुत्र है

**24.** सुधा ने राजीव से कहा, ''जो लड़की कल मुझे समुद्र तट पर मिली थी मेरे मित्र की माँ के देवर की सबसे छोटी पुत्री है।'' वह लड़की, सुधा के मित्र से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(1) भतीजी (2) मित्र (3) चाची
(4) कजिन (5) माँ


**25.** रीता ने मोहित को बताया, ''कल सिनेमा हॉल में मैं जिस लड़की से मिली थी वह मेरी सहेली की माँ के जीजा की सबसे छोटी बेटी थी।'' रीता की सहेली का उस लड़की से क्या सम्बन्ध है?
(1) माँ (2) नानी (3) नाती
(4) मौसेरी बहन (5) दादी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (3) | **2.** (1) | **3.** (3) | **4.** (2) | **5.** (3) | **6.** (2) | **7.** (3) | **8.** (3) | **9.** (1) | **10.** (2) |
| **11.** (1) | **12.** (2) | **13.** (1) | **14.** (1) | **15.** (2) | **16.** (2) | **17.** (4) | **18.** (1) | **19.** (2) | **20.** (2) |
| **21.** (3) | **22.** (1) | **23.** (1) | **24.** (4) | **25.** (4) | | | | | |


# संकेत एवं हल

**1.**





आरेख से स्पष्ट है कि वह पुरुष उस औरत का फुफेरा भाई है।

**2.**





आरेख से स्पष्ट है कि विजय शिवानी का पिता है।

**3.**





आरेख से स्पष्ट है कि वह औरत अजय की पत्नी है।

**4.**





आरेख से स्पष्ट है कि वह औरत तस्वीर वाले पुरुष की बहन है।

**5.**





आरेख से स्पष्ट है कि वह औरत उस पुरुष की नानी की पुत्री है।

**6.**





आरेख से स्पष्ट है कि Y, P का चाचा है।

**7.**





आरेख से स्पष्ट है कि A का मामा P है।

**8.**




आरेख से यह स्पष्ट नहीं है कि B, E का पुत्र है या पुत्री अत: B, E का पुत्र है यह निश्चित रुप से सत्य नहीं माना जा सकता है।


**हल** (प्र.सं. 9 और 10)




**9.** आरेख से स्पष्ट है कि P का चाचा M है।

**10.** आरेख से स्पष्ट है कि P का चाचा M है, इसे ज्ञात करने हेतु कथन (ii) K बहन है M की, अनावश्यक है।


**हल** (प्र.सं. 11 और 12)




**11.** आरेख से स्पष्ट है कि M, G का पिता है।


**12.** आरेख से स्पष्ट है कि B, D तथा A से बड़ी है, क्योंकि D तथा A दोनों ही B के पुत्र हैं।

**13.**





आरेख से स्पष्ट है कि C, A का पुत्र है।

**14.**




आरेख से स्पष्ट है कि S, P का पिता है।


**15.**




आरेख से स्पष्ट है कि S, B की बहन नहीं है, बल्कि S, B की माँ है।


www.classroomnotes.in

**16.**





आरेख से स्पष्ट है कि मेरे पिता की बहन के बेटे की बेटी मेरी भतीजी है।

**17.**





आरेख से स्पष्ट है कि वह आदमी लड़की का ससुर है।

**18.**





आरेख से स्पष्ट है कि मंजू, गौरव की माँ है।

**19.**





आरेख से स्पष्ट है कि वह महिला उस पुरुष के ससुर की बहन है।

**20.**





रिचा, सुमित का बेटा नहीं है, तो रिचा सुमित की बेटी है।

**21.**





आरेख से स्पष्ट है कि वह महिला फोटो वाले पुरुष की बहन है।

**22.**





आरेख से स्पष्ट है कि जो लड़का क्रिकेट खेल रहा था वह अनुपम का भाई है।

**23.**





'विजय, दयाल का भाई है' यह कथन निश्चित रुप से सही है।

**24.**




आरेख से स्पष्ट है कि वह लड़की, सुधा के मित्र की कजिन अर्थात चचेरी बहन है।

**25.**




आरेख से स्पष्ट है कि लड़की, रीता की सहेली की मौसेरी बहन है।

www.classroomnotes.in